(घ) और (ङ) भूमि अधिग्रहण के मामले में धीमी प्रगति, संविदा संबंधी समस्याओं, वित्तीय कठिनाइयों आदि के कारण कुछ परियोजनाओं में विलम्ब हुआ है ।

समुद्री मार्ग से विदेशी माल की तस्करी

1304. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री अन्नतराम जायसवाल :
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि समुद्री मार्ग से विशेषत: कलकत्ता बन्दरगाह से बड़े पैमाने पर विदेशी माल की तस्करी की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या समुद्री मार्ग से माल की तस्करी होती रहेगी ;

(ग) यदि नहीं, तो सरकार ने इसकी रोकथाम हेतु क्या प्रभावी और तात्कालिक उपाय किए हैं; और

(घ) यदि नही, तो इसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) :(क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

मध्य प्रदेश द्वारा प्रतिपूर्ति का दावा

1305. **श्री राघवजी** :क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से 1994 में भारी वर्षा के कारण सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की प्रतिपूर्ति हेतु विशेष अनुदान आवंटित करने का अनुरोध किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने कुछ अनुदान दे दिया है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और यह अनुदान कब तक दे दिया जाएगा ?

जल-भूतल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) से (घ) सांविधानिक दृष्टि से भारत सरकार मुख्यत: राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित सड़कों के विकास और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय राजमार्गों से भिन्न अन्य सभी सड़कों की जिम्मेदारी अनिवार्यत: संबंधित राज्य सरकार की होती है। मध्य प्रदेश राज्य सहित अधिकांश राज्यों ने राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में वर्ष 1994 के लिए, बाढ़ से हुई क्षति की मरम्मत हेतु, अपनी मांगे प्रस्तुत की हैं। तथापि, क्षति की मात्रा को ध्यान में रखते हुए तुरन्त मरम्मत के लिए 25.00 लाख रु0 की राशि तदर्थ आधार पर पहले ही जारी की जा चुकी है। क्षति को ध्यान में रख कर संस्वीकृत किए जाने वाले प्राक्कलनों और निधियों की समग्र उपलब्धता के आधार पर ही और निधियां जारी की जायंगी।

Unloading capacity of cargo

1306. SHRI PARMESHWAR KUMAR AGARWALLA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether any survey has been conducted by Government to find out the unloading capacity of cargo vis-a-vis the required capacity at different ports during the last three years;

(b) if so, the details of the required capacity and the actual capacity;

(c) what measures are contemplated to reduce this gap between the actual capacity and the required capacity of unloading cargo in each port for the last three years;